प्रेस नोट दिनांक 02.03.2023
थाना देवरनियाँ जनपद बरेली ।

थाना देवरनियां #bareillypolice द्वारा लूट की घटना की झूठी सूचना देने वाले वादी/अभियुक्त मुनेन्द्र सिंह को किया गिरफ्तार, कब्जे से लूट की घटना में दर्शाये गये 2,32,000 रूपये बरामद । #UPPolice

पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद बरेली के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी बहेडी जनपद बरेली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक देवरनियां व निरीक्षक एसओजी मय टीम द्वारा थाना देवरनियाँ जनपद बरेली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 64/2023 धारा 394/342/328 भादवि की घटना का सफल अनावरण करते हुये वादी/अभियुक्त मुनेन्द्र सिंह पुत्र मंगल सेन नि0 ग्राम मिलक कलारा थाना भोजीपुरा जिला बरेली को मय लूट की घटना मे दर्शाये गये 2,32,000 रूपयों सहित गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर वादी/अभियुक्त मुनेन्द्र सिंह उपरोक्त को धारा 420/406 भादवि के तहत गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त मुनेन्द्र सिंह उपरोक्त के द्वारा बताया गया कि ***मै डीजे का काम करता हूँ और मेरे ऊपर कई लोगो का कर्जा हो गया था जिससे मै काफी परेशान था। दिनांक 28.02.2023 को मै अपने घर से दो लाख बत्तीस हजार रुपये लेकर अपने ट्रेक्टर से ट्रेक्टर का समान लेने के लिये रुद्रपुर जा रहा था। यह पैसे मेरे बडे भाई केशव सिंह ने मुझे दे रखे थे। इतने पैसो को देखकर मेरे मन मे लालच आ गया और मैने सोचा कि इन्ही पैसो से कर्जा ऊतार दूं। फिर मैने अपने बडे भाई के पैसो को धोखाधडी कर हडपने की योजना बनाई मैने यह पैसे भोजीपुरा कस्बा मे रहने वाली अपनी मौसेरी सास शशी पत्नी धर्मपाल के पास रख दिये थे और ग्राम कठर्रा ढाल से आगे जाकर अपना ट्रेक्टर सडक के किनारे लगा कर मैने अपने आप को बांध लिया था और सडक के किनारे बैठ गया था। कुछ देर बाद मैने शोर मचाया तो सडक से गुजर रहे कई लोग मेरे पास आ गये और मुझे छुडाया और फिर मैने चार अज्ञात व्यक्तियो के द्वारा मुझे बेहोश कर पैसे लूटने की झूठी सूचना अपने घर वालो व पुलिस को दी थी।*** बाद आवश्यक कार्यवाही गिरफ्तार वादी/अभियुक्त को मय बरामद माल के माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1. मुनेन्द्र सिंह पुत्र मंगल सेन नि0 ग्राम मिलक कलारा थाना भोजीपुरा जिला बरेली।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 64/2023 धारा 420/406 भादवि थाना देवरनियाँ जनपद बरेली।

बरामदगी का विवरण-

1. वादी/अभियुक्त के कब्जे से लूट की घटना मे दर्शाये गये 232000 रु0 बरामद।

गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री रामगोपाल शर्मा सर्विलान्स सैल जनपद बरेली
2. प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील कुमार शर्मा एसओजी जनपद बरेली।
3. प्रभारी निरीक्षक इन्द्र कुमार थाना देवरनियाँ जनपद बरेली।
4. उ0नि0 श्री अरविन्द बाबू एसओजी जनपद बरेली।
5. उ0नि0 श्री रहमत अली थाना देवरनियाँ जनपद बरेली।
6. उ0नि0 मुनेन्द्र पाल थाना देवरनियाँ जनपद बरेली।
7. हे0कां0 387 इजहार अहमद थाना देवरनियाँ जनपद बरेली।
8. कां0 3405 उमेश भाटी थाना देवरनियाँ जनपद बरेली।
9. कां0 1298 सतेन्द्र कुमार थाना देवरनियाँ जनपद बरेली।
10. कां0 2719 वीरपाल थाना देवरनियाँ जनपद बरेली।
11. हे0कां0 268 अनिल प्रेमी एसओजी जनपद बरेली।
12. हे0कां0 372 संजय सिंह एसओजी जनपद बरेली।
13. हे0कां0 794 शकील खान एसओजी जनपद बरेली।
14. चा0हे0कां0 महावीर सिंह एसओजी जनपद बरेली।
15. कां0 1864 प्रशान्त कुमार एसओजी जनपद बरेली